***प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-***
***(पत्रांक-180/2025 दिनांक 29.06.2025)***
***दिनांक-29.06.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-***

*हत्या और संपत्ति हड़पने की साजिश का खुलासा, महिला ने अपना धर्म व पहचान बदल कर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर की थी हत्या, तीनो गिरफ्तार-*

दिनांक 06.06.2025 को थाना कोतवाली हाटा क्षेत्रान्तर्गत सुकलौरी मझला नाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मु0अ0सं0 365/2025 पंजीकृत किया गया। शव के शिनाख्त व घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री निवेश कटियार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में शव का पहचान इन्द्र कुमार तिवारी पुत्र स्व0 रामदयाल तिवारी निवासी पड़वार (खितौला) थाना मझौली जनपद जबलपुर मध्यप्रदेश के रुप में हुई। इसी प्रकार थाना को0 हाटा, स्वाट टीम तथा सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल एक महिला अभियुक्ता सहित कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

*पूछताछ का विवरण-*
पूछताछ में अभियुक्ता साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी ने बताया कि उसका असली नाम साहिबा बानो पुत्री अनवर अली है उसने यह घटना कारित करने के लिए अपना धर्म व पहचान बदलकर खुशी तिवारी नाम का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था। उसके साथ घटना में दो अन्य लोग कौशल कुमार व समसुद्दीन अंसारी शामिल थे। कौशल कुमार से सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ दिन पहले सम्पर्क हुआ था। जिसके साथ प्रेम विवाह करके दोनो गोरखपुर में रहने लगे। एक दिन सोशल मीडिया पर इन्द्र कुमार तिवारी (45 वर्ष) का वायरल वीडियो देखा, जिसमें वह शादी न होने की व्यथा बता रहा था और अपनी 18 एकड़ जमीन का जिक्र किया। साहिबा बानो ने कौशल कुमार के साथ मिलकर योजना बनाई कि इन्द्र कुमार तिवारी से फर्जी शादी कर उसकी संपत्ति हड़प ली जाए।

Edit with WPS Office

योजना के मुताबिक कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी से मिलने जबलपुर मध्यप्रदेश गया। जहाँ उसने साहिबा बानो को खुशी तिवारी के रुप में अपनी बहन बताकर शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी ने इन्द्र कुमार तिवारी से कुछ दिनों तक फोन पर बातचीत किया गया और इन्द्र कुमार तिवारी को शादी करने हेतु गोरखपुर को बुलाया गया। साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी के बुलाने पर कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी को अपने साथ दिनांक 03.06.2025 को साहिबा बानो के कमरे पर लेकर आया। जिसके बाद साहिबा बानो, इन्द्र कुमार तिवारी व कौशल कुमार एक ही साथ कमरे पर रहने लगे। एक योजना के तहत साहिबा बानो व कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी से एक हल्फनामा बनावा गया कि इन्द्र तिवारी के मृत्यु के बाद साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी व संदीप सम्पत्ति के वारिस होंगे। इसके उपरान्त साहिबा बानो व कौशल ने एक व्यक्ति समसुद्दीन की मदद से हत्या की साजिश रची। दिनांक 05.06.2025 को इन्द्र कुमार तिवारी को अपने साथ लेकर कसया कुशीनगर स्थित *आइडियल होटल* लेकर आये। उसके बाद शादी का झूठा नाटक करते हुए होटल के कमरे में मांग में सिंदूर लगवा कर झूठी शादी कर ली। अभियुक्तों ने इन्द्र कुमार तिवारी को पनीर राइस में नींद की गोलियां (अल्प्रास-5) मिलाकर दे दी गईं, जिससे वह अचेत हो गया। इसके बाद योजना के तहत तीनों अभियुक्तों नें इन्द्र कुमार तिवारी को गाड़ी से घटनास्थल सुकरौली पर ले गये। फिर तीनों अभियुक्तों द्वारा अचेत अवस्था में ही इन्द्र कुमार तिवारी की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को झाड़ियों में फेक दिया और ज्वैलेरी व पैसे लेकर चले गये।

*पंजीकृत अभियोग-*
मु0अ0स0 365/2025 धारा 103(1)/238/61(2) बीएनएस थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार अभियुक्तगण-*
1-साहिबा बानो उर्फ खुशी पुत्री अनवर अली निवासी मिठा बेल थाना झगहाँ जनपद गोरखपुर
2-कौशल कुमार गौड़ पुत्र श्री किशुन गौड़ निवासी सांडा थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया (हा0मु0 गोरखपुर)
3-समसुद्दीन अंसारी पुत्र उस्मान अंसारी निवासी कोना सोनबरसा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर

*बरामदगी का विवरण*
1-मृतक का मोबाइल रेडमी कम्पनी

Edit with WPS Office

2-मृतक का आधार कार्ड
3-मृतक का एटीएम कार्ड
4-मृतक के नाम से जमीन की खसरा खतौनी
5-मृतक द्वारा शादी के लिए लाये गये जेवरात
6-घटना मे प्रयुक्त कार

***गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-***
1- प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर
2- प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
3- निरीक्षक अमित शर्मा स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
4-उ0नि0 श्री चन्द्रभूषण पाण्डेय चौकी प्रभारी सुकरौली थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर
5- उ0नि0 आलोक कुमार स्वाट टीम जनपद कुशीनगर मय टीम
6- उ0नि0 संतराज यादव थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर
7- कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी सुशील कुमार सिंह प्रभारी सर्विलास सेल
8-.कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी शम्मी कुमार सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर
9-म0का0 वंदना श्रीवास्तव थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर

***नोट-* सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा 25,000/- रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।**

**शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 56 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

***कार्यवाही एक नजर में=***
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-45 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-97, व्यक्ति-368
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(03)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी−(कुल-59)

***सोशल मीडिया सेल***
***जनपद कुशीनगर***

Edit with WPS Office

Edit with WPS Office